<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–20 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कम मूल्य वाले भीम–यूपीआई लेनदेन के लिए प्रोत्साहन योजना और संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दी मंजूरी।
- टेलीमेडिसिन के जरिये केजीएमयू और एसजीपीजीआई से जोड़े जायेंगे प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जिले का दौरा कर चिकित्सा सेवाओं की पड़ताल करने का दिया निर्देश।
- सामूहिक विवाह योजना का दुरूपयोग रोकने के लिये अधिकारियों की तय होगी जवाबदेही। नये वित्तीय वर्ष से योजना के तहत जोड़ों को इक्यावन हजार की जगह मिलेंगे एक लाख रूपये।
- पाकिस्तानी एजेंट से संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में कानपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी को यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों को सहमति प्रदान की गई। एक अहम फैसले में सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक–पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

***1500 करोड़ रूपिस की स्कीम है और एस पर दी स्कीम तो स्मॉल मर्चेंट्स के पेमेंट्स होंगे अप टू 2000 रूपिस उसमें कोई ट्रांजैक्शन की कोस्ट नहीं लगेगी और उनको इंसेंटिव दिया जाएगा और उसमें जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जो स्टैंडर्ड डेफिनिशंस है वह सारी की सारी एप्लीकेबल होगी।***

केंद्र सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी स्वीकृति दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि योजना से दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता को काफी प्रोत्साहन मिलेगा और इससे किसानों की आय में वृद्धि भी होगी।

***राष्ट्रीय गोकुल मिशन 3400 करोड़ का इसमें बेसिकली कैसे हम मिल्क प्रोडक्शन की प्रोडक्टिविटी बढ़ाएं उसके ऊपर काम किया गया है इसमें आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन और इन विट्रो फर्टिलाइजेशन इन दोनों पर काम करना है। इनसेमिनेशन के पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरे नेटवर्क को कैसे बढ़ाना उसपर बहुत बड़ा जोड़ दिया जाएगा जिससे कि किसानों को अपने गांव में ही या गांव के आसपास ही सबसे जितनी हो सके सुविधा मिल सके।***

मंत्रिमंडल ने डेयरी विकास के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहल डेयरी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विस्तार पर केंद्रित है।

लखनऊ की व्यापारी ज्योति सिंह अग्रवाल ने यूपीआई लेनदेन को लेकर किए गए सरकार के निर्णय को छोटे व्यापारियों के हित में बताया है।

***सरकार के इस फैसले से छोटे व्यापारियों को जहाँ ऑनलाइन पेमेंट लेने से लाभ होगा, वहीं उनकी आमदनी भी बढ़ेगी और इस फैसले से मुझे उम्मीद है कि ठेले खेमचे और स्ट्रीट फूड वालों को वहीं बहुत फायदा होगा और मैं सरकार के इस फैसले का स्वागत करती हूँ।***

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिऐ केंद्र सरकार के यूपीआई लेनदेन संबंधी, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय गोकुल मिशन संबंधी फैसलों का स्वागत किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि केजीएमयू, एसजीपीजीआई और डॉक्टर राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से सभी मेडिकल कॉलेजों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज के मरीजों को इन चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपचार की सुविधा दिलायी जाए। श्री योगी ने अंग प्रत्यारोपण की सुविधा बढ़ाने का निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि वे जिलों का दौरा कर चिकित्सा सेवाओं की पड़ताल करें।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कल लू से बचाव की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लू की वजह से एक भी जनहानि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जंगलों को आग से बचाने के लिये वन विभाग को गश्त बढ़ाने और शरारती तत्वों पर सख्ती के निर्देश दिये।

उधर, चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग की एक अन्य समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में मास्टर ट्रेनर के माध्यम से गन्ना किसानों को प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिया जाय। इसके लिये उन्होंने कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही, यह भी कहा कि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से लाभार्थियों की स्क्रीनिंग करायी जाए और योजना का दुरूपयोग रोकने के लिये जिला स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। उन्होंने बताया कि नये वित्तीय वर्ष से योजना के तहत जोड़ों को इक्यावन हजार रूपये की जगह एक लाख रूपये की राशि दी जायेगी।

श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत संचालित सहायता अनुदान योजना को एमएसएमई, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से जोड़कर लाभार्थियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाय, जिसमें महिला लाभार्थियों के चयन को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने वृद्ध आश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के लिये सुविधाएं और बेहतर करने के निर्देश दिये हैं।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के लालबहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। एक रिपोर्ट.....

***मुख्यमंत्री ने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ ए, बी और सी कैटेगरीज के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट मेंजो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तरपर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिये जासूसी के आरोप में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ता–यूपी एटीएस ने कल कानपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री के एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस के अनुसार आरोपी कर्मचारी फिरोजाबाद आर्डिनेंस फैक्ट्री से बीते दिनों गिरफ्तार किए गए रविंद्र कुमार के संपर्क में था।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी दो हजार तेईस की प्रारम्भिक परीक्षा एक दिन और एक सत्र में होगी। प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में यह परीक्षा सत्ताइस जुलाई को सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े बारह बजे तक आयोजित होगी। इस सम्बन्ध में कल परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने आदेश जारी कर दिया। इससे पहले ग्यारह फरवरी दो हजार चौबीस को प्रस्तावित यह परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के बाद निरस्त कर दी गयी थी।

**********

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। नवोदय पैटर्न पर संचालित ये विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहां कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के जरिए चयन होगा। इसके लिए आवेदन बाईस मार्च तक किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा तीस मार्च को होगी। इकतीस मार्च को सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। कक्षा ग्यारह में प्रवेश के लिए कोई परीक्षा नहीं होगी, बल्कि दसवीं के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी। प्रदेश के चौरानवे राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी यही प्रक्रिया लागू होगी।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग के सात मैच अगले माह लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। ये मैच एक, चार, बारह, चौदह और बाईस अप्रैल तथा नौ एवं अठारह मई को प्रस्तावित हैं। इन मैच की तैयारियों के संबंध में लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने कल बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

**********

प्रदेश के कौशांबी समेत कुछ अन्य जिलों में आज सुबह मौसम का मिजाज बदल गया । सुबह सुबह आसमान में बादल छा गये और बारिश भी शुरू हो गई। मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********